15/6/21 व्याकरण पाठ-2 वर्ण-विचार

## प्रश्न और अभ्यास

1. **निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने सही ( ✓ ) तथा गलत के सामने गलत ( × ) का निशान लगाइए–**

(क) वर्णमाला में शब्दों के व्यवस्थित समूह का वर्णन होता है। ×

(ख) हिंदी वर्णमाला में ग्यारह स्वर तथा तैंतीस व्यंजन होते हैं। ×

(ग) 'अं' और 'अ:' को अयोगवाह कहा जाता है। ✓

(घ) व्यंजन दो प्रकार के होते हैं– ह्रस्व और दीर्घ। ×

(ङ) 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन हैं। ✓

2. **सही शब्द चुनकर निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए–**

(क) हिंदी वर्णमाला में तैंतीस व्यंजन होते हैं। (ग्यारह/तैंतीस/बावन)

(ख) ह्रस्व स्वरों के उच्चारण में कम से कम समय लगता है। (ह्रस्व/दीर्घ/प्लुत)

(ग) स्वरों के बदले हुए रूप को मात्रा कहा जाता है। (वर्ण/मात्रा/पद)

(घ) ग् एक स्पर्श व्यंजन है। (ग्/य्/श्)

(ङ) 'श' और 'र' व्यंजनों के मेल से श्र बनता है। (स्र/श्र/र्स)

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए–**

(क) निम्नलिखित में से कौनसे वर्ण का प्रयोग शब्दों के प्रारंभ में नहीं होता?

(अ) म (ब) क

(स) ह ✓(द) ड़ सही उत्तर (ड़)

(ख) निम्नलिखित में से किसके उच्चारण के समय हवा मुख से बिना किसी रुकावट के बाहर निकलती है?

✓(अ) स्वर के (ब) व्यंजन के

(स) आगत ध्वनि के (द) संयुक्त व्यंजन के सही उत्तर (स्वर के)

(ग) उच्चारण में लगने वाले समय के आधार पर स्वरों के कितने भेद होते हैं?

✓(अ) तीन (ब) ग्यारह

(स) पाँच (द) सात सही उत्तर (तीन)

(घ) अनुस्वार ( ं ) का उच्चारण किस उच्चारण अवयव द्वारा किया जाता है?

(अ) मुँह से (ब) कंठ से

✓(स) नाक से (द) जिह्वा से सही उत्तर (नाक से)



Scanned by TapScanner

4. **निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

(क) श्रीमान श् + र् + ई + म् + आ + न् + अ

(ख) ज्ञानी ज् + ञ् + आ + न् + ई

(ग) त्रिशूल त् + र् + इ + श् + ऊ + ल् + अ

(घ) कष्ट क् + अ + ष् + ट् + अ

(ङ) परमात्मा प् + अ + र् + अ + म् + आ + त् + म् + आ

5. **निम्नलिखित शब्दों को अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर दुबारा लिखिए–**

(क) सबध संबंध (ख) मुह मुँह

(ग) पाचवा पाँचवा (घ) प्रशसा प्रशंसा

(ङ) चदन चंदन

6. **निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए–**

(क) म्+अ+छ्+अ+ल्+ई मछली

(ख) व्+इ+द्+य्+आ+ल्+अ+य्+अ विद्यालय

(ग) श्+इ+क्+ष्+अ+क्+अ शिक्षक

(घ) ज्+अ+ङ्+ग्+अ+ल्+अ जंगल

(ङ) ट्+र्+अ+क्+अ ट्रक

7. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) वर्णों के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उ०- वर्णों के दो भेद होते हैं – ① स्वर ② व्यंजन ।

(ख) स्वर कितने प्रकार के होते हैं? स्पष्ट कीजिए।

उ०- स्वर तीन प्रकार के होते हैं – ① ह्रस्व स्वर ② दीर्घ स्वर ③ प्लुत स्वर ।

(ग) अयोगवाह से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए।

उ०- ऐसे वर्ण जो न तो स्वर होते हैं और न व्यंजन उन्हें अयोगवाह कहते हैं। अं और अः अयोगवाह हैं।

(घ) अनुस्वार और अनुनासिक में क्या अंतर है? समझाइए।

उ०- अनुस्वार का उच्चारण नाक से होता है जबकि अनुनासिक का उच्चारण नाक और मुँह से होता है।

(ङ) संयुक्त व्यंजन से क्या अभिप्राय है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

उ०- दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बने व्यंजनों को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। क्ष, त्र, ज्ञ, श्र संयुक्त व्यंजन हैं।

(च) द्वित्व व्यंजन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

उ०- जब एक ही व्यंजन वर्ण दो बार आए तो उसे द्वित्व व्यंजन कहते हैं। जैसे – बिल्ली, बच्चा आदि।



Scanned by TapScanner